नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

SS—11–Pol. Sc. (D & D)

No. of Printed Pages — 7

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2013

राजनीति विज्ञान

POLITICAL SCIENCE

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5.

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1 – 9	1	20 शब्द
10 – 17	2	40 शब्द
18 – 27	4	100 शब्द
28 – 30	5	150 शब्द

6. प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

1. सोवियत राजनीतिक प्रणाली किस विचारधारा पर आधारित थी ? 1

2. 'आपरेशन इराकी फ्रिडम' किस देश द्वारा चलाया गया ? 1

3. शरणार्थी किसे कहते हैं ? 1

4. भारत ने पर्यावरण से सम्बन्धित क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कब किया ? 1

5. 1952 के पहले आम चुनाव में लोकसभा के साथ कौन-से चुनाव कराए गए थे ? 1

6. भारत ने नियोजित अर्थव्यवस्था का विचार किससे ग्रहण किया गया था ? 1

7. भारत के पहले प्रधानमंत्री कौन थे ? 1

8. 1977 के लोकसभा चुनाव में किस पार्टी की सरकार बनी ? 1

9. ''आपरेशन ब्लू स्टार'' कब चलाया गया ? 1

10. भारत की परमाणु नीति को समझाइए । 2

11. गुट निरपेक्ष आंदोलन ने दो ध्रुवीयता को कैसे चुनौती दी थी ? 2

12. 'आसियान विजन 2020' की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ? 2

13. आपकी राय में ऐसे दो कारण बताइए जिसके कारण चीनी अर्थव्यवस्था का उत्थान हो रहा है । 2

14. परंपरागत सुरक्षा नीति के दो तत्व बताइये । 2

15. रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए ? 2

16. कांग्रेस किन अर्थों में विचारात्मक गठबन्धन थी ? 2

17. आपकी राय में ऐसे दो कारण बताइए जिसके कारण भारत-पाक संबंधों में कटुता रही है ? 2

18. महाशक्तियाँ छोटे देशों के साथ सैन्य गठबन्धन क्यों रखती थीं ? चार कारण बताइए । 4

19. अमरीकी वर्चस्व की राह में कौन-से व्यवधान हैं ? आपके जानते इनमें से कौन-सा व्यवधान आगामी दिनों में सबसे महत्वपूर्ण साबित होगा ? 3 + 1 = 4

20. भारत सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य क्यों बनना चाहता है ? इसके चार कारण बताइए । 4

21. वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है ? 4

22. हरित क्रान्ति क्या थी ? इसके दो सकारात्मक परिणाम बताइये । 2 + 2 = 4

23. 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ? 4

24. निम्नलिखित में मेल बैठाएँ :

(क)	सम्पूर्ण क्रान्ति	(i)	इंदिरा गांधी
(ख)	गरीबी हटाओ	(ii)	जयप्रकाश नारायण
(ग)	छात्र आन्दोलन	(iii)	बिहार आन्दोलन
(घ)	रेल हड़ताल	(iv)	जार्ज फर्नांडिस ।

1 + 1 + 1 + 1 = 4

25. नर्मदा बचाओ आंदोलन ने नर्मदा घाटी की बाँध परियोजनाओं का विरोध क्यों किया ? 4

26. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे ? 4

27. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :

(i) मंडल आयोग

(ii) गठबंधन का युग । 2 + 2 = 4

28. सोवियत संघ के विघटन के कारणों का वर्णन करें । 5

अथवा

शॉक थेरेपी का अर्थ व परिणाम बताइए ।

29. श्रीलंका में जातीय संघर्ष और लोकतंत्र का वर्णन करें । 5

अथवा

भारत-पाक संबंधों की विवेचना कीजिए ।

30. भारत में रजवाड़ों के विलय (एकीकरण) का वर्णन करें । 5

अथवा

भारत में आजादी के बाद राज्यों के पुनर्गठन का वर्णन करें ।